तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 13 जुलाई 2026


12 शहर की लाइटिंग से लेकर रोड मार्किंग तक चमकान का काम शुरू


12 पबनावा बस स्टैंड पर 11.46 लाख की लागत से बनेगा भव्य आयरन शेड

## खबर संक्षेप

### मकान में घुस दी जान से मारने की धमकी

**जींद।** रूप नगर में मकान में घुस कर गाली गलौज करने तथा पिस्तौल दिखा कर धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक गाली गलौज करने, धमकी देने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। रूप नगर निवासी नेम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ जुलाई शाम को वह अपने मकान में था। उसी दौर सैनी मोहल्ला निवासी विनोद कार लेकर उसके मकान के सामने पहुंचा। फिर आरोपित उसके घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा।

### ट्रक ने मारी टक्कर, राहगीर घायल

**जींद।** गांव ईक्कस के बरवाला रोड पर तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से राहगीर घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल के भतीजे की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ईक्कस निवासी जोगिंद्र गांव के चौक से सामान खरीद कर पैदल बरवाला रोड से घर की तरफ जा रहा था। चौक से कुछ दूरी पर पीछे से आ रहे तेजरफ्तार ट्रक ने जोगेंद्र को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

### ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट पर 3.14 लाख रुपये गंवाए

**कैथल।** ऑनलाइन क्रिकेट गेम में अधिक मुनाफे का लालच एक युवक को भारी पड़ गया। गांव दिल्लोवाली निवासी युवक के बैंक खातों से उसके भाई ने ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट पर 3.14 लाख रुपए लगा दिए। बाद में रकम डूबने पर साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दिल्लोवाली निवासी सोनू ने बताया कि उसका बड़ा भाई हिमांशु मोबाइल पर लेजर 247 डॉट कॉम नाम की ऑनलाइन वेबसाइट पर क्रिकेट गेम खेलता था।

### पीतल-कांसे के बर्तन और नकदी लेकर चोर फरार

**कैथल।** शहर की महावीर राइस कॉलोनी में चोरों ने एक घर को निशाना बना हजारों रुपए के पीतल और कांसे के बर्तन सहित नकदी चोरी कर ली। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महावीर राइस कॉलोनी निवासी राजकुमार ने बताया कि 3 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे अज्ञात चोर उसके घर में घुस गए। चोर घर से पीतल की पांच परातें, कांसे की दो छोटी-बड़ी कड़ाही, पीतल की टोंटियां, तांबे/पीतल के दो लोटे तथा पूजा घर में रखे एक हजार रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए।


## 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का करेंगे शुभारंभ मोदी

# सीएम ने पीएम के जींद कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रविवार को जींद का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबसे पहले एकलव्य स्टेडियम पहुंच कर कार्यक्रम स्थल के नक्शे का अवलोकन किया और मुख्य पंडाल, सेक्टर व्यवस्था, पार्किंग स्थल, मीडिया लाउंज, सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के आगमन से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए और सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियोंए जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को आपसी तालमेल के साथ कार्य करना होगा। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में मंत्रियों, नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में यातायात व्यवस्था, सीएनजी बसों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों की उपलब्धता, पार्किंग प्रबंधन और लोगों के आवागमन को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न होए इसके लिए यातायात एवं वाहन प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात और पार्किंग व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि प्रधानमंत्री का जींद दौरा ऐतिहासिक और सफल बनाया जा सके।


जींद। रैली स्थल पर जायजा लेते हुए सीएम नायब सैनी। *फोटो: हरिभूमि*


#### विभिन्न जिलों में करोड़ों की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की धरती से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा और देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के विभिन्न जिलों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। जिनका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम प्रदेश के लिए गौरव का अवसर है।


जींद। रैली स्थल का जायजा लेने के बाद अधिकारियों की बैठक लेते हुए सीएम नायब सैनी। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, राज्य सभा सांसद संजय भाटिया, पूर्व मंत्री मुनीष ग्रोवर, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, चेयरमैन योगेश बैरागी, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, राकेश बैरागी, जवाहर सैनी, मदन गोयल, अमर पाल राणा, अशोक गुर्जर, मनीष कठवाड तथा जिला प्रशासन की ओर से डीसी वैशाली शर्मा, एसपी कुलदीप सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री नरवाना के रेलवे स्टेशन को भी नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण की सौगात देंगे

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि 17 जुलाई का दिन जींद ही नहीं पूरा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली होगा। इस दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को जंक्शन रेलवे स्टेशन जींद से हरी झंडी दिखाकर सोनीपत के लिए रवाना करेंगे। इसके अलावा करोड़ों रुपए की अन्य विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे। इसी ऐतिहासिक दिन प्रधानमंत्री नरवाना को भी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और नवीनतम तकनीक से नरवाना के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण के रूप में बड़ी सौगात देंगे। इस रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय सरकार के रेलवे मंत्रालय द्वारा 25 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। सभी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा जींद में आयोजित जनसभा में वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को नरवाना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नरवाना का रेलवे स्टेशन पुराना और ऐतिहासिक है।

### महिलाओं से की पीएम मोदी के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील



**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने उचाना हलके के मोहनगढ़ छापड़ा, भौंसला, कालता, कुचराना खुर्द सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए महिलाओं को निमंत्रण दिया। सुषमा अत्री ने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली और एशिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह पूरे हरियाणा और विशेष रूप से जींद जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है।

### हरित ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत के संकल्प का गवाह बनेगा जींद : डॉ. कृष्ण मिड्ढा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि 17 जुलाई को सुबह नौ बजे का दिन जींद ही नही बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन को यादगार बनाने में जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह परियोजना हरित ऊर्जा, आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प का गवाह बनेगी तथा रेलवे के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत करेगी। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा जींद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों तथा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का न्योता दिया। उन्होंने ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं, किसान संगठनों, युवाओं, महिलाओं एवं सभी वर्गों के लोगों से इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनने का आह्वान किया। विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि जींद को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ का गौरव मिलना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। यह केवल एक ट्रेन का शुभारंभ नही बल्कि स्वच्छ ऊर्जाए पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक भारत की नई सोच का संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई तकनीकों को अपनाते हुए विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है।


जींद। ग्रामीण दौरे के दौरान मातृ शक्ति का आर्शीवाद लेते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

### विधायक ने गांव-गांव पहुंचकर दिया प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता



**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद आगमन को लेकर सफीदों विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार गौतम ने विभिन्न गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत करें और जींद की धरती पर होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को यादगार बनाएं। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री हरियाणा के विभिन्न जिलों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ हरियाणा और देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में अनेकों विकास कार्य करवाए जा रहे है।

### विधायक के निमंत्रण कार्यक्रम से लोगों में उत्साह का माहौल

**उचाना।** मार्केट कमेटी उचाना के चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद आगमन जिले और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उचाना विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क और निमंत्रण अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। खरकभूरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा हलके के गांवों में चलाया जा रहा निमंत्रण कार्यक्रम लोगों में उत्साह का माहौल बना रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करें और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनें।

## पिता की घिनौनी करतूत, नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने की कोशिश

- पीड़िता की मां ने विरोध किया तो आरोपित ने दी धमकी
- पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित पिता के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सदर थाना सफीदों इलाका गांव में पिता द्वारा अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपित ने अपनी बेटी के अपहरण की भी कोशिश करवाई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित पिता के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश करने, अशील हरकत करने, पाक्सो एक्ट तथा चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव की एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो जुलाई को वह रात को अपने कमरे में सोई हुई थी। देर रात को उसका पिता रवि उसके पेट पर बैठ गया और अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। जब उसने शोर मचाया तो उसकी मां जाग गई। जिसने अपने पति की हरकत का विरोध किया। जिस पर आरोपित रवि ने अपनी पत्नी को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। आरोपित ने अपनी बेटी को बेचने की भी धमकी दी। जिसके बाद आरोपित ने एक युवक को घर बुलाया और उसकी बेटी का अपहरण करवाने की भी कोशिश की। इस बीच मौका पाकर पीड़िता तथा उसकी मां घर से भाग निकलने में कामयाब हो गई और जिसके वह अपनी मां के साथ अपने मामा के यहां हिसार पहुंच गई और पिता रवि की करतूत के बारे में बताया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने हिसार के नजदीकी थाना में दी। हिसार पुलिस ने आरोपित रवि के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश करने, अशील हरकत करने, पाक्सो एक्ट तथा चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज की जीरो एफआइआर दर्ज कर सदर थाना सफीदों पुलिस को भेज दी।

## कैथल पुलिस का अवैध शराब तस्करों पर कस रहा शिकंजा

- अलग–अलग मामलों में 5 आरोपी गिरफ्तार, 74 बोतल शराब बरामद


कैथल। विभिन्न मामलो में काबू किए गए शराब तस्कर।

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार अवैध शराब के कारोबार पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 5 मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 74 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना शहर पुलिस के एएसआई मनजीत सिंह व एचसी सतबीर की टीम द्वारा फ्रांसवाला रोड स्थित एक कमरे पर दबिश देकर आरोपी फांसवाला रोड कैथल निवासी राहुल को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 15 बोतल ठेका देशी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में थाना सदर के एएसआई संदीप कुमार व एएसआई सुनील की टीम द्वारा महाशक्ति ईंट भट्ठा गांव डोहर के पास नाकाबंदी दौरान आरोपी नफे सिंह उर्फ नफिया निवासी गांव डोहर को 14 बोतल देशी शराब सहित काबू किया गया। तीसरे मामले में चौकी सगतपुरा पुलिस के एएसआई सुरेन्द्र कुमार व एचसी जिले सिंह की टीम द्वारा नाकाबंदी दौरान बाइक पर शराब तस्करी कर रहे आरोपी गांव बरटा निवासी जसमेर को काबू किया गया।

## हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल ने पीएम से जींद में इंडस्ट्रियल हब बनाने की करी मांग : अमरगढ़ वाला

- फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगने से किसानों को फसलों के बेहतर दाम मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना


प्रदेश महामंत्री हरियाणा व्यापार मंडल राजेन्द्र गुप्ता।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल (रजिस्टर्ड) के प्रदेश महामंत्री व प्रवक्ता राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला ने बताया कि हमारे जींद जिले का सौभाग्य है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पावन धरा पर पधार रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जींद जिला जिसकी सीमा पंजाब से जुड़ी हुई है और पूरी तरह खेती पर निर्भर यह बांगर का इलाका है।

कोई भी बड़ी इंडस्ट्री पूरे जिले के अंदर पंजाब बॉर्डर तक नहीं लगी हुई है। प्रदेश के व्यापार मंडल ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए माननीय प्रधानमंत्री से मांग करी है कि पूरा जिला जींद को अगर इंडस्ट्रियल हब बना देते हैं पूरा हरियाणा और पंजाब को लाभ मिलेगा। अमरगढ़ वाला ने बताया कि इससे जहां लाखों युवकों को रोजगार मिलेगा वहीं किसान को अपनी खेती से कई गुना लाभ मिलेगा। पूरे पंजाब और हरियाणा के किसान इंडस्ट्रियल हब के अंदर फूड प्रोसेसिंग यूनिटों में बहुत अच्छे दामों पर अपनी फसल बेच सकेंगे। राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला ने बताया कि अगर प्रधानमंत्री महोदय इस मांग को पूरी कर देते हैं तो अब तक बांगर की भूमि जो पिछड़ा इलाका कहलाता था राष्ट्र के अंदर सबसे खुशहाल जिला बन जाएगा। इसके लिए हम हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पार्टी अध्यक्ष अर्चना गुप्ता से भी अनुरोध करते हैं कि प्रधानमंत्री के सामने व्यापारियों का यह विजन रखें। अमरगढ़ वाला ने कहा कि यह बात दावे से कहते हैं कि अगर जिला जींद इंडस्ट्रियल हब बन गया तो पंजाब के किसान, व्यापारी व मजदूर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लाने में कोई देर नहीं करेंगे।


# 9500 सीटों पर 16 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अंतिम दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की। जिले के 15 सरकारी व निजी कॉलेजों में करीब 9500 सीटों के लिए 16 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में इस बार अधिकांश लोकप्रिय पाठ्यक्रमों में सीट पाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। उच्चतर शिक्षा विभाग के शेड्यूल के अनुसार अब आवेदन में प्राप्त आपत्तियों और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसके बाद 21 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी होगी। मेरिट सूची में नाम आने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि के भीतर फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करना होगा। निर्धारित समय में फीस जमा नहीं कराने पर सीट अगले अभ्यर्थी को आवंटित कर दी जाएगी।

**इन कोर्सों में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा:** बीए, बीकॉम, बीएससी (नॉन मेडिकल), बीसीए और बीबीए जैसे कोर्सों में इस बार सबसे अधिक आवेदन आए हैं। अधिकारियों का मानना है कि कई कॉलेजों में इन पाठ्यक्रमों की सीटें पहले चरण की मेरिट सूची में ही लगभग भर सकती हैं। पहली मेरिट सूची के बाद खाली बची सीटों के लिए विभाग दूसरी मेरिट सूची जारी करेगा। इसके बाद भी यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो आगे के चरणों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

#### 21 को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट



उच्चतर शिक्षा विभाग के अनुसार दोबारा जारी किए गए शेड्यूल के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अब समाप्त हो चुकी है। अब 21 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। जबकि 20 जुलाई तक आवेदनों के दस्तावेजों की जांच होगी। -डॉ. मनोज भांबू, जिला नोडल अधिकारी, उच्चतर शिक्षा विभाग, कैथल।

#### यह है एडमिशन शेड्यूल

| प्रक्रिया | तिथि |
|---|---|
| दस्तावेज सत्यापन एवं आपत्तियों/त्रुटियों का निस्तारण | 18 जुलाई तक |
| सभी आवेदनों की सूची व आपत्तियां/त्रुटियां प्रदर्शित | 20 जुलाई तक |
| पहली मेरिट सूची होगी जारी | 21 व 22 जुलाई |
| पहली मेरिट सूची में जमा होगी | 23 से 27 जुलाई |
| दूसरी मेरिट सूची होगी जारी | 28 व 29 जुलाई |
| दूसरी मेरिट सूची में जमा होगी | 30 से 03 अगस्त तक |
| फिजिकल काउंसलिंग होगी शुरू | 04 अगस्त से |
| फिजिकल काउंसलिंग के पोर्टल दोबारा होगा शुरू | 06 से 12 अगस्त तक |
| लेट फीस के साथ होंगे दाखिले | 13 से 09 अगस्त तक |

**मिशन एडमिशन** यूजी दाखिले में बीए, बीकॉम और बीसीए सबसे पसंदीदा

# यूजी कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले को लेकर आवेदन की प्रक्रिया समाप्त

- बीए कला संकाय, बीकाम, बीसीए जैसे संकायों में ज्यादा आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

यूजी कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले को लेकर आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। इस बार विद्यार्थियों ने बीए कला संकाय, बीकाम, बीसीए जैसे संकायों में ज्यादा आवेदन किए हैं। शहर के राजकीय पीजी कालेज और राजकीय महिला कालेज दाखिले के लिए विद्यार्थियों की पहली पसंद रहते हैं। राजकीय पीजी कालेज की बात की जाए तो तीन हजार 47 आवेदन आए हैं। इसमें से अकेले बीए कलां संकाय में 1603 आवेदन आए हैं। बीए इकोनामिक्स में 40 सीटों पर 34, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 77, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 104, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 61, बीबीए में 40 सीटों पर 194, बीकाम में 220 सीटों पर 291, बीसीए में 120 सीटों पर 451, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 354, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 188, बैचलर आफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 40 सीटों पर 100ए बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 104 और बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 40 सीटों पर आवेदन आ चुके हैं। वहीं राजकीय महिला कालेज में 1684 आवेदन आए हैं। इसमें भी आधे से ज्यादा आवेदन कलां संकाय में ही हैं। महिला कालेज में बीए कलां संकाय में 400 सीटों पर 950 आवेदन आए हैं। बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 55ए बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 78ए बीकाम में 200 सीटों पर 157, बीसीए में 60 सीटों पर 180, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 60 सीटों पर 278, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 160 सीटों पर 120, बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 63 और बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 30 सीटों पर 61 आवेदन आए हैं। कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लाग इन आइडी से त्रुटि हटाने का कार्य 18 जुलाई तक होगा। 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद 21 जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 22 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी।


जींद। अंतिम दिन आवेदन करते हुए बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

#### विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर समय हुआ समाप्त

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर समय समाप्त हो चुका है। इसके बाद अब 22 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा उनके पास 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। अब आवेदन को लेकर तारीख बढ़ाना मुश्किल लग रहा है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और रोजगार को नई गति मिलेगीः गोयल

# प्रधानमंत्री से जींद के लिए आईआईटी एम्स और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की मांग

### जींद को मिलनी चाहिए इतनी बड़ी सौगातें, कि लोग याद रखें जीवनभरः राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद दौरे के दौरान जिले के भविष्य को नई दिशा देने वाली बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा की जाए। यदि जींद को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की सौगात मिलती है तो जींद जिला हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के विकास मानचित्र पर नई पहचान बना सकता है। राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद भौगोलिक दृष्टि से हरियाणा के मध्य में स्थित है। बेहतर सड़क और रेल संपर्क होने के बावजूद आज भी जिला कई बड़ी राष्ट्रीय संस्थाओं से वंचित है। ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान जींद को ऐसी सौगात मिलनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मजबूत हो। उन्होंने प्रधानमंत्री से तीन प्रमुख मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। पहली मांग के रूप में उन्होंने जींद में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने की मांग की। उनका कहना है कि इससे हरियाणा के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन संभव होगा तथा खेल पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी मांग के रूप में गोयल ने जींद में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की मांग उठाई है। अगर जींद में आईआईटी बनती है तो देशभर के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा मिलेगी तथा शोध, नवाचार और उद्योगों को नई गति प्राप्त होगी। तीसरी मांग के रूप में उन्होंने जींद में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानि एआईआईएमएस स्थापित करने की अपील की।

यदि इन तीन प्रमुख मांगों पर सकारात्मक घोषणा होती है तो जींद की पहचान राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत होगी। गोयल ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि 17 जुलाई का जींद दौरा केवल एक कार्यक्रम तक सीमित न रहे बल्कि जींद के विकास का नया अध्याय लिखने वाला ऐतिहासिक अवसर बने।

### आईआईटी बनने से तकनीकी शिक्षा शोध और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

#### एम्स बनने से अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी व मिलेगा लाभ

राजकुमार गोयल ने कहा कि वर्तमान में जींद और आसपास के जिलों के लोगों को गंभीर बीमारियों के



इलाज के लिए दिल्ली, रोहतक, चंडीगढ़ सहित अन्य शहरों में जाना पड़ता है। एम्स बनने से अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी और लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। गोयल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 17 जुलाई के जींद दौर में जिले को ऐसी विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी जो आने वाले दशकों तक क्षेत्र की पहचान बनेंगी। उन्होंने कहा कि जींद को केवल अस्थायी विकास कार्यों की नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार और निवेश के क्षेत्र में स्थायी एवं दूरगामी परियोजनाओं की आवश्यकता है।

## प्रधानमंत्री मोदी की 17 जुलाई की जींद रैली से मिलेंगी विकास की ऐतिहासिक सौगातेंः सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुण्डरी



पुण्डरी। कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष हजवाना।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन सुभाष हजवाना ने कहा कि आगामी 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा हरियाणा के विकास के इतिहास में एक नया अध्याय साबित होगी। इस रैली के माध्यम से प्रदेशवासियों को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी, जिससे परिवहन, आधारभूत ढांचे और औद्योगिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। अपने पूंडरी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर प्रदेशभर में उत्साह का माहौल है और जनता उनके स्वागत के लिए उत्सुक है। सुभाष हजवाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे, जो हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भारत की बड़ी उपलब्धि होगी तथा भविष्य के परिवहन तंत्र को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन भी करेंगे। इसके साथ ही अंबाला-कालाआंब फोरलेन कॉरिडोर, हांसी-बरवाला फोरलेन, बीकानेर-सीवानी मार्ग तथा सोनीपत क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण सडक़ परियोजनाओं का शुभारंभ भी प्रस्तावित है। इसके अलावा कुरुक्षेत्र में बनने वाले अत्याधुनिक सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखी जाएगी, जिससे धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए गांव-गांव और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग इस जनसभा में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत के दिए गए संदेश को अपनाते हुए अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक ई-रिक्शा, बैटरी चालित वाहनों, सीएनजी वाहनों, साइकिल तथा अन्य वैकल्पिक साधनों से जींद पहुंचेंगे। बैठक में भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### मील का पत्थर सिद्ध होगी जींद की रैली

सुभाष हजवाना ने विश्वास व्यक्त किया कि जींद की यह रैली जनसमर्थन और विकास के संकल्प का नया कीर्तिमान स्थापित करेगी तथा हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## कार्यशाला में शिक्षण गुणवत्ता सुधार पर हुआ मंथन और प्रशिक्षण



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में संकुल स्तर पर एक दिवसीय विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जींद के संकुल प्रमुख विनोद वशिष्ठ, श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां के प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री, स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी की प्रधानाचार्या अनिता, स्वामी निगम बोध गीता विद्या मंदिर सफीदों की प्रधानाचार्या रुचि कंसल व प्रधानाचार्य अजय जी कौशिक द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। सोनल द्वारा कार्यशाला का स्वरूप स्पष्ट करते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं की तरफ सभी का ध्यान आकृष्ट किया गया। विनोद वशिष्ठ के निर्देशानुसार भिन्न-भिन्न विषयों पर विषय प्रमुखों द्वारा अलग-अलग कक्षाओं का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विषय प्रमुखों ने आदर्श पाठ योजना प्रस्तुत करते हुए अन्य आचार्य बंधु भगिनी के प्रश्नों का संतुष्टिजनक समाधान किया। संकुल विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा आदर्श पाठ योजना की प्रस्तुति देने वाले आचार्यों का मूल्यांकन किया गया।

इस विषय कार्यशाला में तीन सत्रों का प्रावधान रहा। जहां पाठ योजना की प्रस्तुति व पाठ योजना को समझाने का प्रयास किया गया।।

## ग्राहक जागरूकता पर हुआ व्यापक मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्रांत कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, हरियाणा प्रांत की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों से प्रांत पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन की आगामी कार्ययोजना तैयार करना, ग्राहक अधिकारों के प्रति समाज में व्यापक जनजागरूकता बढ़ाना तथा जिला इकाइयों की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं संगठन के प्रेरणा स्त्रोतों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया तथा उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों एवं ग्राहक हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल, उत्तर क्षेत्र के पदाधिकारी नवीन जैन, प्रांत अध्यक्ष डॉ. आरबी यादव, प्रांत सह प्रमुख सुरेश पाल तथा प्रांत कार्यालय प्रमुख भगवान सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक नागरिक का जागरूक ग्राहक होना अत्यंत आवश्यक है। यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहेगा तो बाजार में होने वाली अनियमितताओं, मिलावट, गलत व्यापारिक प्रथाओं तथा उपभोक्ता शोषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत केवल शिकायतों के समाधान तक सीमित संगठन नहीं है, बल्कि यह समाज में ग्राहक जागरूकता का व्यापक अभियान चला रहा है। रत्येक जिला इकाई को नियमित रूप से मासिक बैठकें आयोजित करनी चाहिए ताकि संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ नई योजनाओं का निर्माण भी समय पर हो सके। उत्तर क्षेत्र के पदाधिकारी नवीन जैन ने कहा कि बदलते समय में ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल लेन-देन तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में साइबर ठगी, फर्जी वेबसाइटों तथा भ्रामक विज्ञापनों से बचने के लिए आम नागरिकों को जागरूक करना समय की आवश्यकता है। प्रांत अध्यक्ष डॉ. आरबी यादव ने संगठन की आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक जिला इकाई समय-समय पर कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, जनजागरूकता अभियान एवं उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित करे। प्रांत सह प्रमुख सुरेश पाल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल शिकायतों का समाधान करना नही बल्कि प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना भी है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला जींद इकाई ने सभी आगंतुक पदाधिकारियों एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में पूरी टीम ने बैठक की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नरेंद्र एडवोकेट, हरपाल, सोमबीर मलिक, सतीश, एडवोकेट मनोज, मांगेराम, नीति, रेखा, अर्चना, प्रीति सहित जिला जींद कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों के स्वागत, बैठक व्यवस्था, पंजीकरण, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कर संगठन की कार्यकुशलता का परिचय दिया।

## भारत विकास परिषद ने दो दिवसीय सेवा कार्यक्रमों से जरूरतमंदों की मदद की



जयंती देवी मंदिर के निकट जरूरतमंदों को खाना खिलाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत विकास परिषद की सोमनाथ शाखा जींद द्वारा सेवा और समर्पण के भाव के साथ दो दिवसीय सेवा कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था ने समाज के जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचने और जनसेवा का सराहनीय कार्य किया। आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि नौ जुलाई को जयंती देवी मंदिर नजदीक नदीशाला जींद के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। इस भोजन सेवा कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भरपेट भोजन किया। संस्था की ओर से इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और जरूरतमंदों को शुद्ध व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना था। वहीं 10 जुलाई को भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा विशेष सेवा कार्य किया गया।

इस अवसर पर गरीब परिवारों के बीच मिठाई और फल वितरित किए गएए जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई। इन दोनों आयोजनों के दौरान मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष राजेश ग्रोवर, सचिव शिवकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, गतिविधि संयोजक (सेवा) जसवीर सिंह, नरेश रोहिला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने संकल्प को दोहराते हुए भविष्य में भी निरंतर जनसेवा जारी रखने का आह्वान किया।

## बेलरखा के छात्र ने रचा सफलता का इतिहास जेईई में उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया क्षेत्र का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। प्रिंसिपल बलजीत गोयत के साथ बच्चे। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेलरखा के दो विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि विद्यालय की छात्रा जयश्री ने जेईई (एडवांस्ड) की ईडब्ल्यूएस श्रेणी में विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रथम चरण की काउंसलिंग में उन्हें सेंट्रल यूनिवर्सिटी जम्मू में सीट आवंटित हुई, जबकि राज्य स्तरीय काउंसलिंग के माध्यम से उनका प्रवेश फरीदाबाद स्थित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में कंप्यूटर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में हुआ है। इसी प्रकार छात्र हर्षदीप ने जेईई (मेन) परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य काउंसलिंग के तहत मुरथल स्थित चौधरी छोटूराम इंजीनियरिंग महाविद्यालय में कंप्यूटर इंजीनियरिंग में प्रवेश प्राप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि दोनों विद्यार्थी च्सुपर100 योजना के अंतर्गत अध्ययनरत रहे हैं। गत वर्ष भी विद्यालय के छात्र आर्यन का प्रवेश आईआईटी जम्मू मे हुआ था। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व मंडल आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने दोनों विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, और उन्होंने विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने भी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

## इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा जींद : देवेंद्र अत्री

उचाना। जींद में एशिया की सबसे लंबी और देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना करने के लिए प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर उचाना विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने खटकड़, कसूहन, घोघड़िया, मोहनगढ़ छापड़ा, बड़ौदा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। विधायक अत्री ने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। एशिया की सबसे लंबी और देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ जींद से होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह उपलब्धि इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी और जींद की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि उचाना हलके से सबसे अधिक संख्या में लोग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। ग्रामीण सीएनजी, साइकिल और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से जींद पहुंचेंगे। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली इको-फ्रेंडली रैली के रूप में भी उदाहरण बनेगा। जींद हमेशा से ऐतिहासिक उपलब्धियों का केंद्र रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने और इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि लाखों लोग 17 जुलाई को जींद पहुंचेंगे।



## शिक्षक सम्मान एवं छात्रवृत्ति वितरण कर मानव मित्र मंडल ने दी बलबीर गुप्ता को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। भारत भूषण गर्ग ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद व सनातन धर्म शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक रहे बलबीर चंद गुप्ता की सातवीं पुण्यतिथि पर मानव मित्र मंडल व प्रगतिशील समाज ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। शाखा सचिव नरेश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बलबीर गुप्ता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई।गायक राहुल शर्मा ने प्रेरणा गीत से कार्यक्रम का आगाज किया। बलबीर चंद गुप्ता के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डालते हुए एक वृत्त चित्र दिखाया गया। वक्ताओं और उपस्थित श्रोताओं ने उन्हें शिक्षा क्षेत्र का इस सदी का शिक्षा का महानायक बताया। कन्या गुरुकुल खरल की पूर्व प्राचार्या डॉक्टर दर्शना देवी को बलबीर चंद शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया।

आयोजकों ने दर्शना देवी के व्यक्तित्व को वृत्तचित्र के माध्यम से दर्शाया। उनको दोनों संस्थाओं ने स्मृति चिह्न व उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने दोनो संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए अपने द्वारा किये गये कार्यों को नरवाना क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। मुख्य वक्ता नागरिक सेवा अधिकारी जगदीप ढांडा ने बलबीर चंद गुप्ता के व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उन्हें एक विलक्षण शिक्षक बताया व अपने निजी अनुभव साझा किये। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को आगे लाने के लिए सामाजिक संस्थाओं का आह्वान किया।

### नई सीवरेज लाइन, जर्जर पाइपलाइन बदली जाएगी, जलनिकासी के लिए बनेगा इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन

# उचाना शहर को मिलेगी सीवरेज जाम और जलभराव से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

वर्षों से सीवरेज जाम, बारिश के दौरान जलभराव और गंदे पानी की निकासी जैसी समस्याओं से जूझ रहे उचाना शहर के लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उचाना विकास रैली में मंजूर किए गए 9 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के तहत शहर की सीवरेज व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ करने की दिशा में जन स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

उचाना विकास रैली के दौरान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने शहर की सबसे बड़ी समस्या सीवरेज व्यवस्था और जल निकासी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इस पर मुख्यमंत्री ने शहर की सीवरेज लाइन को मजबूत करने और संबंधित कार्यों के लिए 9 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार जिन क्षेत्रों में अभी तक सीवरेज लाइन नहीं पहुंची है वहां नई लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा जहां पुरानी सीवरेज लाइन पूरी तरह जर्जर और कंडम हो चुकी है, उसे बदला जाएगा। बारिश के पानी और सीवरेज के बेहतर निकास के लिए एक आईपीएस (इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन) भी बनाया जाएगा, जहां शहर का सीवरेज का पानी एकत्र होकर एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पालवां जलघर के पास स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। जन स्वास्थ्य विभाग ने परियोजना से जुड़े विभिन्न कार्यों के विस्तृत अनुमान (एस्टीमेट) तैयार कर मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेज दिए हैं। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।



उचाना। बैंक कॉम्प्लेक्स रोड जहां जलभराव बारिश के बाद होता है।

#### स्थायी समाधान की जगी उम्मीद

शहर के निवासी राममेहर, सुनील, बलवंत, पवन ने कहा कि लंबे समय से उचाना के लोग सीवरेज जाम और जलभराव की समस्या से परेशान हैं। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने लोगों की मांग को गंभीरता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसके बाद 9 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली। उनका कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद शहरवासियों को वर्षों पुरानी समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

#### एस्टीमेट भेजें, मंजूरी मिलते ही शुरू होंगे टेंडर

जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता ने बताया कि लगभग 9 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेज दिए गए हैं। जैसे ही प्रशासनिक मंजूरी प्राप्त होगी, टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे शहर की सीवरेज व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या पर भी काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा।

## पार्क के पड़ोसी लोगों के सहयोग से किया पौधरोपण

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह अर्बन स्टेट पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 473वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में आस पड़ोस की महिलाओं और बच्चों के सहयोग से पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़ा को उठाया यह संदेश देने का प्रयास किया कि लोगों ने पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। आजकल पौधारोपण का उचित समय है, इसलिए पौधा लगाकर पेड़ बनाने का प्रयास करना चाहिए और पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना योगदान देना चाहिए। पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में अहम भूमिका निभाती है इसलिए सभी ने कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। इस मौके पर जगबीर देशवाल, जोरा सिंह रेढ़ू, बलवीर सिंह, बलजीत रेढ़ू, रोहतास गुप्ता, सुजान सिंह पूनिया, डा. राजेंद्र, अजीत सिंह मलिक, हरबीर सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



जींद। पार्क में स्वच्छता अभियान चलाते हुए सेव संस्था सदस्य।

## खबर संक्षेप



### सरकारी स्कूल में बंदरों का आतंक, बच्चों व शिक्षकों में दहशत

**राजौंद।** गांव सेरधा के राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में इन दिनों बंदरों का आतंक बना हुआ है। स्कूल के कमरों के अंदर और बाहर सैकड़ों बंदरों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे बच्चों और अध्यापकों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।

जानकारी के अनुसार, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे और स्टाफ रोजाना भय के माहौल में समय बिताने को मजबूर हैं। कई बार ऐसा भी हुआ है कि अकेले बच्चे या शिक्षक पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बढ़ गई है। स्कूल के मुख्य शिक्षक महाबीर सिंह ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत को लिखित रूप में अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल परिसर से बंदरों को हटाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## कैथल जाट धर्मशाला में वार्षिक समारोह में प्रधान ने किया अतिथियों का सम्मान

# रणदीप सुरजेवाला ने लाइब्रेरी निर्माण के लिए दिया 25 लाख का अनुदान

- रणदीप सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला ने धर्मशाला में नवनिर्मित हॉल व रसोई घर का किया उद्घाटन
- भाजपा सरकार पर सुरजेवाला ने साधा तीखा हमला; किसान हितों पर कुठाराघात का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जाट धर्मशाला कैथल में शनिवार को धूमधाम के साथ वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला मुख्यातिथि तथा कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच संचालन सुरजीत बैनीवाल ने कुशलतापूर्वक किया। रणदीप सुरजेवाला और आदित्य सुरजेवाला ने धर्मशाला में नवनिर्मित हॉल व रसोई घर का भी उद्घाटन किया।

समारोह के दौरान रणदीप सुरजेवाला ने जाट धर्मशाला परिसर में आधुनिक लाइब्रेरी निर्माण के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा कर दी। इस उदार घोषणा पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से स्वागत किया। जाट धर्मशाला प्रधान रोशन पाड़ला ने दोनों अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि रणदीप सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला के मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह धर्मशाला अस्तित्व में आई है। उन्होंने लाइब्रेरी निर्माण के लिए दिए गए 25 लाख रुपये के अनुदान के लिए दोनों नेताओं का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। प्रधान रोशन पाड़ला एवं समिति सदस्यों ने दोनों अतिथियों को पारंपरिक शाल भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, रणदीप सुरजेवाला और आदित्य सुरजेवाला ने धर्मशाला हेतु दिए गए दान के लिए दानी सज्जनों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में रणदीप सुरजेवाला ने केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, मजदूर और गरीब वर्ग के हितों पर कुठाराघात किया है। आज बाजार में खाद की कालाबाजारी चल रही है। सरकार ने खाद का आयात तक नहीं किया, जिससे किसानों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर मंडी व्यवस्था को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि ढांड मंडी को पहले ही बंद कर दिया गया है और समालखा में 100 एकड़ में अदानी साइलो बनाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले 5-7 वर्षों में पूरे देश की मंडियों को बंद करने की तैयारी चल रही है।

बीज बिल का जिक्र करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार आगामी सत्र में बीज बिल ला रही है, जिसमें किसान अगर अपना ख़ुद का बीज इस्तेमाल करेगा तो 20 लाख रुपये जुर्माना और 3 साल की सजा का प्रावधान है। बीज की जांच विदेश में होगी और राज्य सरकार की बजाय अब केंद्र सरकार ही कंपनियों को रजिस्टर्ड करेगी।



**कैथल।** जाट धर्मशाला में नवनिर्मित रसोई का उद्घाटन करते हुए सांसद रणदीप सुरजेवाला और विधायक आदित्य सुरजेवाला। *फोटो: हरिभूमि*

### ये बोले विधायक

विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला के आशीर्वाद और रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में शुरू की गई यह जाट धर्मशाला आज एक विशाल वट वृक्ष बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी के धार्मिक-सामाजिक कार्यों के लिए बनी यह धर्मशाला समाज की अनमोल सौगात है। भाजपा सरकार ने 36 बिरादरी को बांटने की कोशिश की, लेकिन किसान आंदोलन में सभी बिरादरियों ने एकजुट होकर तीन कृषि कानून वापस करवाए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक जसबीर मलौर, सुदीप सुरजेवाला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जोरा सिनंद, पूर्व प्रधान शंकर संधू, पूर्व प्रधान शमशेर कुंडू, जयकिशन मान, प्रताप चहल, दरबारा नैन, भरत सिंह बैनीवाल, ईश्वर नैन, मुकेश नंबरदार, राजेश जागलान, स्वतंत्र देवीगढ़, शमशेर फौजी, राजपाल ग्योंग, रामकिशन ढाँडा, सत्यदेव छौत, जाट शिक्षण संस्थान प्रधान राजकुमार बेनीवाल, पूर्व प्रधान इन्द्र नौच, ब्लॉक कांग्रेस बलजिंद्र भनवाला, जसबीर मानस, गौरव भाल, सहित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्ति, किसान, युवाओं की उपस्थिति रही।

## न्यूज डायरी



### मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार : देवेंद्र हंस

**सीवन।** गुहला विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र हंस ने अपने कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने बिजली, पेयजल, सड़क, राजस्व, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाए। इसके बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक देवेंद्र हंस ने प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मूल मुद्दों से ध्यान हटाकर केवल प्रचार तक सीमित होती जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।



### शिक्षकों ने सीखे मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के गुर

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय हेल्थ एंड वेलनेस कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य शिक्षकों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यशाला में यूनेस्को प्रमाणित हेल्थ एंड वेलनेस मास्टर ट्रेनर एवं एवी विद्यामंदिर, चीका की प्रधानाचार्या सुमिता ठाकुर और मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, चीका के प्रधानाचार्य राजन शर्मा ने संसाधन विशेषज्ञ के रूप में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। समूह चर्चा, सहभागितापूर्ण गतिविधियों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से सत्रों को रोचक बनाया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भाग लेते हुए विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।



### अपने वोट का स्वयं पहरा दें और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करें : सुरेश रोड़

**पुण्डरी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेश रोड़ ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने वोट का स्वयं पहरा देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि गत दिवस चंडीगढ़ स्थित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में उन्होंने अपने साथियों के साथ कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त तथा प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान पूंडरी हलके के राजनीतिक हालात, संगठनात्मक गतिविधियों तथा मतदाता सूची के विशेष निरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सुरेश रोड़ ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाता सूची के निरीक्षण अभियान के दौरान लोगों की सहायता कर रहे हैं ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रहे। इस अवसर पर सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम, पार्षद राम मेहर करोड़ा तथा डॉ. महेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## गो माता केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की आत्मा : आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

गो रक्षा दल हरियाणा द्वारा कैथल में गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक एवं महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गो रक्षा दल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष आजाद आर्य ने की। इस अवसर पर नारायण गिरी महाराज गो रक्षा दल कैथल के जिला अध्यक्ष बलकार हनुमान दास वेदपाल तथा ओमप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गो सेवकों समाजसेवियों एवं युवाओं ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आजाद आर्य ने कहा कि गो माता केवल एक पशु नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति सनातन परंपरा श्रद्धा और हमारी सभ्यता की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि जिस समाज में गो माता का सम्मान सुरक्षित रहता है वही समाज अपनी संस्कृति संस्कार और मानवीय मूल्यों को भी सुरक्षित रखता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गो संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें। आजाद आर्य ने बताया कि गो सम्मान–आह्वान अभियान के अंतर्गत पूरे देश से चालीस करोड़ हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन हस्ताक्षरों के साथ एक प्रार्थना पत्र भारत के माननीय प्रधानमंत्री हरियाणा के माननीय राज्यपाल तथा हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को जिला स्तर पर प्रत्येक जिले के उपायुक्त (डीसी) को भी हस्ताक्षयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा।



**राजौंद।** कार्यक्रम में शामिल गोरक्षा दल के सदस्य गो माता के सम्मान संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेते हुए।

### 17 जुलाई हरियाणा के विकास का ऐतिहासिक दिन होगा : लीलाराम



**कैथल।** भाजपा के पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि 17 जुलाई का दिन हरियाणा के विकास के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा केवल उद्घाटन कार्यक्रम नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, हरित ऊर्जा और मजबूत आधारभूत ढांचे के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि जींद से हाइड्रोजन आधारित ट्रेन परियोजना का शुभारंभ होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है और इससे हरियाणा ग्रीन मोबिलिटी के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने जींद को राजनीति की बजाय विकास और नवाचार का केंद्र बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश स्वच्छ परिवहन और आधुनिक तकनीक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और जींद इस परिवर्तन का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे, एनएच-352ए, अंबाला-कालेअंब कॉरिडोर और बीकानेर-सिवानी-सोनीपत कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई गति देंगी।



### खाटू श्याम व सालासर के लिए जत्था रवाना

**सीवन।** श्री बाबा खाटू श्याम परिवार, सीवन की ओर से आयोजित 25वीं दो दिवसीय धार्मिक बस यात्रा रविवार को शहर के रामलीला मैदान से श्रद्धा और उत्साह के बीच रवाना हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिवार के प्रधान एवं पार्षद संजय कंसल तथा वरिष्ठ सदस्य जीत कामरा ने की। यात्रा प्रारंभ होने से पहले पंडित बिट्टू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई तथा नारियल फोड़कर यात्रा के सफल संचालन की कामना की। इसके बाद परिवार के वरिष्ठ सदस्य अमित गर्ग, विक्की ग्रोवर एवं नरेश आहूजा ने श्री बाबा खाटू श्याम की पावन ध्वजा दिखाकर बस को रवाना किया।

### संजय दत्त व राव नरेंद्र सिंह से मिले धीमान



**पुण्डरी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य प्रेम धीमान ने बताया कि गत दिवस उन्होंने अपने साथियों के साथ कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से मुलाकात कर संगठन विस्तार, पार्टी की आगामी गतिविधियों तथा एसआईआर अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रेम धीमान ने बताया कि बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त शीघ्र ही हरियाणा के विभिन्न जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे, जिससे संगठन को नई मजबूती मिलेगी और पार्टी की गतिविधियों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता एसआईआर अभियान के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का मतदाता पहचान पत्र छूटने न पाए।



गुहला-चीका। गुहला के एसडीएम मनीष कुमार यादव घग्गर नदी का निरीक्षण करते हुए।

### एसडीएम मनीष कुमार यादव ने किया घग्घर टटियाना गेज व अन्य संभावित बाढ़ क्षेत्रों का दौरा

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने रविवार को घग्घर टटियाना गेज सहित अन्य संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलस्तर, तटबंधों की स्थिति, जल निकासी व्यवस्था तथा राहत एवं बचाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। एसडीएम ने कहा कि घग्घर गेज 14.4 फीट के अनुसार पानी बह रहा है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि निचले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर नियमित निरीक्षण करने, जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा राहत एवं बचाव संसाधनों को तैयार रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन बाढ़ जैसी किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

### विधायक ने की सड़क विकास परियोजनाओं की समीक्षा

**पुण्डरी।** पुण्डरी विधायक सतपाल जाम्बा ने शनिवार को रेस्ट हाउस, पुण्डरी में हरियाणा लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) के चीफ इंजीनियर हरपाल सिंह के साथ विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित नई सड़कों एवं बेहतर सड़क संपर्क व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक के उपरांत विधायक सतपाल जाम्बा ने विभागीय अधिकारियों के साथ पुण्डरी शहर की मुख्य सड़क, अहलूवालिया चौक से पुण्डरीक तीर्थ मार्ग सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों की प्रमुख सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों की वर्तमान स्थिति, यातायात की आवश्यकताओं एवं भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## हरियाणा में गांव स्तर पर छोटे व मध्यम उद्योग लगभग 70 प्रतिशत बंद हो चुके : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हरियाणा के व्यापारी प्रतिनिधियों का सम्मेलन कैथल के सनातन धर्म ट्रस्ट भवन में हुआ। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग मुख्य अतिथि थे। जिसमें सभी ट्रेड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों से लगातार हरियाणा में व्यापार व उद्योग पिछड़ता जा रहा है। बहादुरगढ़ में फुटवियर का हब है, पानीपत में टैक्सटाइल हब है व यमुनानगर में प्लाई बोर्ड का हब होने के बावजूद वहां पर काफी उद्योग बंद हुए हैं। इतना ही नहीं हरियाणा में गांव स्तर पर छोटे व मध्यम उद्योग लगभग 70 प्रतिशत बंद हो चुके हैं जिसके कारण लाखों लोग बेरोजगार हुए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी बढ़ने के कारण प्रदेश में नशा व अपराध बढ़ा है। खास तौर पर युवा पीढ़ी नशे के दलदल में धस्ती जा रही है।



**कैथल।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग को बुका देकर व माला पहनाकर सम्मानित करते हुए।

### सम्मेलन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर व्यापार मंडल कैथल जिला प्रधान राम कुमार बंसल, प्रदेश प्रवक्ता राजीव गुप्ता, पूर्व प्रधान सिकंदर लाल गुप्ता, एडवोकेट अशोक गोयल, पुरानी अनाज मंडी प्रधान श्याम बहादुर खुरानिया, ऑयल मिल एसोसिएशन प्रधान शिव नारायण, राइस मिल एसोसिएशन पूर्व प्रधान सचिन मित्तल, युवा क्रांतिकारी अध्यक्ष गुरदीप ढांडा, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, गोपाल गर्ग आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।



### पंजाबी वेलफेयर सभा ने लगाया विशाल निःशुल्क शिविर

**कैथल।** "सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है" इसी संकल्प को चरितार्थ करते हुए पंजाबी वेलफेयर सभा, कैथल द्वारा रविवार को अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक, पार्क रोड पर एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सभा के संरक्षक एवं प्रमुख समाजसेवी कमल आहूजा के सौजन्य से उनके स्वर्गीय माता-पिता की पावन स्मृति में आयोजित किया गया। सुबह 9:30 बजे से ही स्वास्थ्य जांच के लिए लोगों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। शिविर में गुरुग्राम के प्रतिष्ठित मेदांता अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भाव्य बंसल तथा श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ शिरकत की। डॉक्टरों की टीम ने प्रत्येक मरीज की स्वास्थ्य समस्याओं को बारीकी से सुना और उचित परामर्श दिया। डॉक्टरों के परामर्श के पश्चात जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। लगभग 100 से अधिक लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मुख्य अतिथि कमल आहूजा ने भावुक होते हुए कहा कि अपने माता-पिता की याद में किए गए इस सेवा कार्य से उन्हें आत्मिक शांति मिलती है और समाज सेवा का यह सिलसिला भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा।

**पौधरोपण** — खाली पड़ी जगहों पर पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया

# किछाना में हरियाली की मिसाल बना पौधरोपण कार्यक्रम, राजा राम के प्रयासों को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

गांव किछाना में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी राजा राम ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए गांव की व्यायामशाला, सार्वजनिक स्थलों और खाली पड़ी जगहों पर पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजौंद ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि अनिल मलिक, नवीन जिंदल के जिला कार्यालय प्रभारी रविंदर धीमान,नवीन जिंदल के कलायत हल्का प्रभारी विरेंद्र सहारण, गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतपाल सिंह, समाज सेवी रामफल चहल कोटड़ा, संदीप सिंह पंच, रणधीर सिंह पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और पौधारोपण अभियान को सफल बनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने समाजसेवी राजा राम के कार्यों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि राजा राम अब तक गांव में करीब 500 पौधे लगा चुके हैं और विशेष बात यह है कि वह इन पौधों की देखभाल भी स्वयं प्रतिदिन करते हैं। उनकी यह लगन और समर्पण भावना अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।



**राजौंद।** किछाना गांव में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पौधे लगाते समाजसेवी राजा राम व उपस्थित गणमान्य व्यक्ति। *फोटो: हरिभूमि*


### पर्यावरण के लिए पौधे लगाना पर्याप्त नहीं : धीमान

जिला कार्यालय प्रभारी रविंदर धीमान ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 100 ट्री गार्ड उपलब्ध करवाने की घोषणा की, ताकि लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं ब्लॉक समिति राजौंद के चेयरमैन प्रतिनिधि अनिल मलिक ने भी 50 ट्री गार्ड देने की बात कही और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और घटती हरियाली के बीच इस तरह के प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भी अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला और सभी ने मिलकर पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल ने गांव में हरियाली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक भागीदारी का भी संदेश दिया।

### सजूमा में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में

**कैथल।** सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला ने बताया कि खंड कलायत के पीएचसी सजूमा में हेपेटाइटिस-ए संक्रमण के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। सिविल सर्जन कार्यालय के अनुसार रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) और चिकित्सा दल लगातार प्रभावित क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं तथा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। शनिवार को ओपीडी के माध्यम से 19 नए मरीज सामने आए हैं, जिससे कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 37 हो गई है। वर्तमान में केवल तीन मरीज उपचाराधीन हैं, जिनमें एक सरकारी तथा दो निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। राहत की बात यह है कि संक्रमण के कारण जिले में अब तक किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई है। प्रयोगशाला जांच में 37 ब्लड सैंपलों में से 23 में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई है।

### पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया पौधरोपण



**कैथल।** पुलिस लाइन कैथल परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी सुशील प्रकाश ने पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इस अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधों की देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक एवं जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं, ताकि पुलिस कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम में पुलिस लाइन के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## ग्रीन एनर्जी को नई गति देगी हाइड्रोजन ट्रेन

**जींद।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि 17 जुलाई का दिन केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक महत्व का होगा। प्रधानमंत्री मोदी जींद से प्रस्तावित हाइड्रोजन रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। जींद का यह आयोजन विकसित भारत के संकल्प का राष्ट्रीय प्रतीक बनेगा तथा देश की ग्रीन एनर्जी यात्रा को नई गति देगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी, सन्नी मग्गू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जींद में कल जुटेंगे पीडब्ल्यूडी ठेकेदार

**उचाना।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी एसोसिएशन की ओर से 13 जुलाई को सुबह 10 बजे जींद में प्रदेशभर के पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में बजट आवंटन से जुड़े मुद्दों और ठेकेदारों की लंबे समय से लंबित मांगों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट मनोज चहल ने जारी बयान में बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) और मुख्यमंत्री के जींद दौरे को देखते हुए प्रशासन से संपर्क किया गया है। संगठन का प्रतिनिधिमंडल इस दौरान सरकार के समक्ष ठेकेदारों की मांगों को प्रभावी ढंग से रखने का प्रयास करेगा।

## सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है: सतीश सेतिया

**नरवाना।** भारत विकास परिषद, केशव शाखा, नरवाना द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नागरिक अस्पताल, नरवाना में भर्ती मरीजों की सेवा हेतु फल, दूध की बोतलें, बिस्कुट एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस सेवा कार्य में मरीजों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारत विकास परिषद सदैव समाज सेवा, मानवीय सहयोग एवं संस्कारों के संवर्धन के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रही है और भविष्य में भी इसी भावना के साथ सेवा कार्य निरंतर जारी रखेगी। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक सतीश सेतिया, सेवा संयोजक पवन सिंगला, राहुल सिंगला, रिंकू गर्ग, प्रेस प्रवक्ता नवीन बंसल, संस्कार संयोजक वेद प्रकाश वर्मा तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अमावस्या पितृदोष से मुक्ति का विशेष संयोग

**उचाना।** आषाढ़ मास की अमावस्या इस वर्ष 14 जुलाई को मनाई जाएगी। धार्मिक दृष्टि से यह दिन पितरों के तर्पण, श्राद्ध, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। राधा-कृष्ण प्राचीन मंदिर पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने बताया कि इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से किए गए धार्मिक कार्य सीधे पितरों तक पहुंचते हैं। इससे पितृदोष के प्रभाव में कमी आती है तथा परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या तिथि 13 जुलाई 2026 को शाम 6 बजकर 49 मिनट से प्रारंभ होकर 14 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजकर 12 मिनट परसमाप्त होगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों में जुटे विभाग

# शहर की लाइटिंग से लेकर रोड मार्किंग तक चमकाने के काम ने पकड़ी तेजी

**खास बातें**

- गोहाना रोड, पटियाला चौक पर हर लाइट को किया जा रहा दुरुस्त
- पुलिस नाकों को लाल और नीले रंग से रंगाया, सड़क किनारे विभाग कार्यालयों की दीवारों पर हो रहा पेंट
- शहर की सड़कों के बीचोंबीच मार्किंग और पैदल पथ पर हो रहा रंग रोगन





जींद। शहर की लाइटिंग व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए कर्मचारी। व नागरिक अस्पताल की दीवार को रंगते हुए कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 17 जुलाई के दौरे को लेकर जींद शहर में व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण और सुधार कार्य शुरू हो गए हैं। शहर की लाइटिंग से लेकर सड़क मार्किंग तक हर जगह चमकाने का काम तेजी से चल रहा है। प्रशासन और संबंधित विभागों ने पूरी मुस्तैदी से तैयारियां शुरू कर दी हैं ताकि मोदी की यात्रा के दौरान शहर की छवि पूर्ण रूप से आकर्षक और व्यवस्थित दिखे। रेलवे जंक्शन से लेकर गोहाना रोड तक हो रही मार्किंग शहर के मुख्य मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गोहाना रोड और पटियाला चौक पर लाइटों को ठीक किया जा रहा है। खराब लाइटों की मरम्मत और नई लाइटों की स्थापना का काम जोर शोर से चल रहा है। रात में शहर की चमक बढ़ाने के लिए कार्य अहम माना जा रहा है। शहर की सड़कों के बीचोंबीच डिवाइडर पर फ्रेश रोड मार्किंग (सफेद पट्टी) का काम चल रहा है। पैदल पथों को भी नए सिरे से रंग रोगन किया जा रहा है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और शहर की सड़कें व्यवस्थित नजर आएंगी। पुलिस नाकों को आकर्षक बनाने के लिए लाल और नीले रंग से रंगाई शहर में जहां-जहां चौक चौराहों पर पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए लोहे के कमरे बनाए गए हैं वहां उन कमरों को आकर्षक बनाने के लिए लाल और नीले रंग से रंगाई का कार्य किया जा रहा है। सड़क किनारे स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों की दीवारों पर पेंटिंग का काम तेजी से चल रहा है। प्रधानमंत्री का यह प्रस्तावित दौरा शहर की साफ-सफाई और सौंदर्य में उल्लेखनीय सुधार कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि पीएम के स्वागत के लिए हर छोटी व बड़ी तैयारियों को समय रहते पूरा किया जाएगा।

**काम कई सालों में होना था, चंद दिनों में हो रहा**

शहरवासी इन बदलावों का स्वागत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जो काम कई सालों में होने थे, वो चंद दिनों में हो रहे हैं। शहर में इतनी सफाई और सुंदरता पहले कभी नहीं देखी। पीएम के आने से पहले ही शहर नया रूप ले रहा है। वहीं प्रशासन का लक्ष्य है कि 17 जुलाई तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। इससे न केवल प्रधानमंत्री का स्वागत भव्य होगा बल्कि जींद शहर की छवि भी पूरे प्रदेश में बेहतर बनेगी।

**सड़क किनारे हटवाए जा रहे अवैध अतिक्रमण**

सड़क किनारे के अवैध अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई अभियान और हरित क्षेत्र विकसित करने जैसे कार्य भी साथ-साथ चलाए जा रहे हैं। नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग और पुलिस विभाग समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा 17 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद की जा रही है। यातायात प्रबंधन को लेकर भी विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है ताकि आम जनता को कम से कम असुविधा हो।



कैथल। इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित अर्थशास्त्र विषय की दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में उपस्थित संसाधन विशेषज्ञ, प्रधानाचार्या तनु पूनिया तथा सहभागी शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# इंडस पब्लिक स्कूल में अर्थशास्त्र विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल के प्रांगण में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अर्थशास्त्र विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन 11 एवं 12 जुलाई, 2026 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने बोर्ड द्वारा नियुक्त संसाधन विशेषज्ञ सुरेंद्र कौर एवं निताशा चावला का स्वागत किया।दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अर्थशास्त्र विषय से संबंधित नवीन शिक्षण पद्धतियों, जटिल अवधारणाओं की सरल एवं प्रभावी प्रस्तुति, प्रश्नपत्र निर्माण, दक्षतामूलक प्रश्नों की रूपरेखा तथा मूल्यांकन प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। संसाधन विशेषज्ञों ने विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चाओं तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को विषय को अधिक रोचक, प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाने के उपयोगी सुझाव दिए। प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने कहा कि इस प्रकार की क्षमता निर्माण कार्यशालाएं शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय भविष्य में भी शिक्षकों के निरंतर विकास के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। विद्यालय निदेशक अभिषेक सहारण ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों, संसाधन विशेषज्ञों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रतिभागियों द्वारा अपने अनुभव साझा करने के साथ हुआ।

# विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में पति समेत चार पर केस दर्ज**

- पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के झमोला गांव में एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर छह आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। गांव पौली निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी पूजा की शादी करीब 10 वर्ष पहले गांव झमोला गांव निवासी मनदीप के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी में जरूरत के अनुसार सामान भी दिया गया था लेकिन विवाह के



बाद से ही पति मनदीप, ससुर संजय, सास नरेश, ननंद सुषमा व उसके दामाद की मौसी उर्मिला तथा परिवार के अन्य सदस्य अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसकी बेटी को प्रताड़ित करते रहे। आरोपित अक्सर पूजा के साथ मारपीट करते थे और उसे मानसिक रूप से परेशान करते थे। कई बार समझौते के प्रयास भी किए गए लेकिन इसके बावजूद प्रताडन्ना बंद नहीं हुई। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही प्रताडन्ना से तंग आकर उसकी बेटी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर पति मनदीप, ससुर संजय, सास नरेश, ननंद सुषमा व उसके दामाद की मौसी उर्मिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना प्रभारी कमल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर पति सहित छह आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी : आशुतोष

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**मोदी का भव्य स्वागत करें**



मैं जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों से आग्रह करता हूं कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करें और इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें। आशुतोष शर्मा ने आगे कहा कि जींद का एक-एक निवासी इस ऐतिहासिक क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पूरा जिला उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है। 17 जुलाई का यह दिन जींद के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा और जींद इस ऐतिहासिक पल के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है।

17 जुलाई का दिन जींद जिले के इतिहास में एक विशेष और यादगार अवसर के रूप में दर्ज होने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह लगभग नौ बजे जींद पहुंचेंगे। जहां वे हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इसके पश्चात वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

जिसमें जींद सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे जींद जिले में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। प्रशासनए विभिन्न विभागों तथा भारतीय जनता पार्टी के हमारे प्रदेश के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा, जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल व भाजपा के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों, कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ.-सफाई, सजावट और स्वागत की व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं और नागरिक भी इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर विशेष उत्साह व्यक्त कर रहे हैं। जींदवासियों का मानना है कि प्रधानमंत्री का आगमन जिले के लिए गर्वए सम्मान और विकास की नई संभावनाओं का प्रतीक है। लोगों का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री का जींद आगमन इस जिले के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाया जाना आधुनिक भारत की तकनीकी प्रगतिए हरित ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता आशुतोष शर्मा ने भी जिले के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई का दिन प्रत्येक जींदवासी के लिए गर्व का दिन है। गांवों से लेकर शहर तक लोगों में कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। नागरिक, सामाजिक संगठन और भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ तैयारियों में लगे हुए हैं। पूरा जींद मानो पलक पांवड़े बिछाकर अपने प्रधानमंत्री के स्वागत की प्रतीक्षा कर रहा है और 17 जुलाई को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# उचाना में एक साथ 14 एकड़ में लगाए जाएंगे 1000 पौधे

**उचाना।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उपमंडल उचाना का म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान इस बार नया इतिहास रचने जा रहा है। पिछले छह वर्षों से सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण के लिए चल रहे इस अभियान के तहत पहली बार निजी क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर वन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके तहत बड़ौदा-कसूहन मार्ग स्थित 14 एकड़ भूमि के चारों ओर 1000 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत हर वर्ष वर्षाकाल में उपमंडल के सार्वजनिक स्थलों पर करीब 10 हजार पौधे लगाए जाते हैं और उनकी देखरेख भी की जाती है। इस बार उचाना की पंडित रविदत्त अत्री फैमिली ने अपनी 14 एकड़ भूमि पर पौधारोपण करने का प्रस्ताव दिया है, जिससे अभियान को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई को आयोजित होने वाले वन महोत्सव में उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसडीएम रमित यादव की भी सकारात्मक भूमिका रही है। आयोजन में क्षेत्र के बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुनील अत्री पुत्र पूर्व नगर पालिका प्रधान रामकुमार अत्री की ओर से किया जाएगा। ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल शर्मा, उपमंडल प्रशासन उचाना और उचाना सेवा ग्रुप कार्यक्रम में विशेष सहयोग करेंगे। क्या है म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान उचाना के एसडीएम डॉ. राजेश खोथ थे जो हाल में हांसी के एसडीएम है। यहां पर उनके एसडीएम रहते हुए पर्यावरण का संदेश देने के लिए उचाना में म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान शुरू किया था जो पिछले छह वर्षों से लगातार चल रहा है। हर साल 10 हजार पौधे लगाए जाते है। 60 हजार पौधे अब तक लगाए जा चुके है।

# इतिहास के पन्नों में रिकॉर्ड दर्ज कराएगी मोदी की जींद में होने वाली रैली : डॉ पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री मोदी की रैली में भीड़ जुटाने को लेकर जहां जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा से लेकर मंत्री कृष्ण बेदी व विधायक रामकुमार गौतम व देवेंद्र अत्री ने पसीना बहाना शुरू किया हुआ है। वहीं दूसरी तरफ महिलाओं की भीड़ जुटाने को लेकर भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने महिलाओं को रैली में पहुंचने के लिए निमंत्रण देना शुरू कर दिया है। वो महिलाओं को रैली में आने के लिए कस्बे के गांव गांव जाकर महिलाओं को रैली में आने के लिए बोल रही है कि महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर मोदी ने अनेक योजनाएं बनाई हैं व उनको धरातल पर लागू किया है। पंचायत से लेकर विधानसभा व लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया है। महिलाओं के लिए शौचालय बनवाए, महिला थानों की स्थापना की, महिला कालेज बनवाए व महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ डा. पुष्पा तायल।

बनाई व उनको धरातल पर लागू किया। 17 जुलाई को जींद का नाम विश्वपटल पर लिखा जाना है। इसलिए हमें इसका साक्षी बनना चाहिए। इसदिन देश के प्रधानमंत्री जींद से सोनीपत के लिए पानी से चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इसके उपरांत हुड्डा ग्राउंड में रैली को संबोधित करेंगे। जहां उनके द्वारा हजारों करोड़ की सौगात जींद को दी जाएगी।

# जींद जंक्शन से पिंडारा जंक्शन तक की रेल लाइन भी एलिवेटेड बनाने की मांग

**जींद।** आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद आगमन एवं देश की पहली हाइड्रोजन गैस से संचालित रेल के शुभारंभ को लेकर मैढ़ सुनार सभा जींद ने इसे जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। सभा ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके भव्य स्वागत का निर्णय लिया। स्थानीय सेक्टर 6 स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला में सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कहा गया कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ जींद से होना जिले के लिए गर्व का विषय है और इससे जिले के विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया कि जिस प्रकार कुरुक्षेत्र और रोहतक में शहर के बीच से गुजरने वाली रेलवे लाइन को एलिवेटेड रेलवे लाइन में बदला गया हैए उसी प्रकार जींद जंक्शन से पिंडारा जंक्शन तक की रेलवे लाइन को भी एलिवेटेड बनाया जाए। सभा का कहना है कि इससे शहर दो भागों में बंटने की समस्या दूर होगी और शहरी विकास को नया आयाम मिलेगा। बैठक के बाद प्रधान सत्यनारायण सोनी, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा तथा वित्त सचिव गौरव सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व तथा हरियाणा विधानसभा के उपसभापति एवं स्थानीय विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा और कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के प्रयासों से जिले में स्वास्थ्यए शिक्षा और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए जींद को किसी बड़ी औद्योगिक या विकास परियोजना की भी सौगात दी जाए। बैठक में रमेश वर्मा, बनारसीदास वर्मा, राजकुमार सोनी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# राजनीति से ऊपर उठ कर पीएम की रैली में शामिल होंगे प्रदेशवासी : कर्मवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि 17 जुलाई केवल जींद ही नही बल्कि पूरे हरियाणा के गौरवए स्वाभिमान और विकास का ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद की धरती से एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देश को हरित ऊर्जा और आधुनिक रेलवे तकनीक की नई सौगात देंगे। यह उपलब्धि जींद और पूरे प्रदेश को राष्ट्रीय ही नही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुसार यह रैली पूर्ण रूप से इको फ्रेंडली होगी। कर्मवीर सैनी रविवार को सफीदों के वीर भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई को प्रस्तावित जींद रैली में अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। इस सभा में स्थानीय निकाय, पंचायती राज जनप्रतिनिधि, विभिन्न



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते कर्मवीर सैनी।

सामाजिक, व्यापारिक एवं जनप्रतिनिधि संगठनों के पदाधिकारियों समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि मोदी का कार्यक्रम किसी एक राजनीतिक दल का नही बल्कि पूरे हरियाणा के सम्मान और विकास से जुड़ा आयोजन है। नागरिक को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐतिहासिक अवसर का सहभागी बनना चाहिए।

### जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने किया शुभारंभ, कहा- ग्रामीणों को मिलेगी स्थायी सुविधा

**ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने चेयरमैन का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया**

# पबनावा बस स्टैंड पर ₹11.46 लाख की लागत से बनेगा भव्य आयरन शेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

गांव पबनावा के बस स्टैंड पर जिला परिषद कैथल की ओर से ₹11.46 लाख की लागत से 40×70 फीट का भव्य आयरन शेड बनाया जाएगा। रविवार को जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल ने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर इस बहुप्रतीक्षित विकास कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने चेयरमैन कर्मबीर कौल का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद बस स्टैंड के समीप स्थित भूमि पर बनने वाले शेड का विधिवत शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने इस कार्य को गाँव के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए जिला परिषद का आभार व्यक्त किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कर्मबीर कौल ने कहा कि इस स्थान पर आयरन शेड का निर्माण ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। सावन माह में यहाँ प्रत्येक वर्ष कांवड़ सेवा शिविर लगाए जाते हैं, जिनके लिए अस्थायी टेंट लगाने पर काफी खर्च करना पड़ता था। इसके अलावा गाँव के सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रम भी इसी स्थान पर आयोजित होते हैं। शेड बनने से ग्रामीणों को वर्षभर सुविधा मिलेगी और आयोजन बेहतर ढंग से हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि ₹11.46 लाख की लागत से बनने वाला यह शेड 5 अगस्त से पहले तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।



ढांड। पबनावा बस स्टैंड की भव्य आयरन शेड का शुभारंभ करते हुए जिला परिषद के अध्यक्ष कर्मवीर कौल। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत पबनावा, डॉ हरिसिंह,ओम प्रकाश,मा: कुलदीप कूल्लर,मा:कर्म सिंह,मा: रणधीर कौल मा: जसबीर कौल, सुरेंद्र भोलेनाथ शिवर प्रधान,पूर्व पंच रामपाल टामक, सावन पबनावा,सुभाष चंद,मोनू,रोहतास टामक, ऋषि पाल,ईशम सिंह फौजी,साहिल,कृष्ण,अशोक कुमार,भूरा राम,नबी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।